प्रादेशिक समाचार
दिनांक–18.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन की कार्यवाही जारी है. सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ हुई। इस दौरान जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को विधायकों द्वारा उठाया गया, जिसका जवाब सरकार के स्तर पर दिया गया। वहीं सदन के बाहर रामनवमी के दौरान डीजे के इस्तेमाल का मुद्दा गूंजा। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि किसी भी धर्म की शोभा यात्रा हो या फिर जुलूस सार्वजनिक मार्ग से होकर गुजरने पर इसकी इजाजत तथा सुरक्षा सरकार को देनी चाहिए।

वहीं, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने इस बात से इंकार किया कि उन्होंने रामनवमी में डीजी पर प्रतिबंध की बात कही है। उन्होंने कहा कि हम सभी को सभी पर्व– मिलजुलकर मनाना चाहिए।

****

उर्जा विभाग में लंबे समय से रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिय जल्द शुरू होगी। मंत्री योगेंद्र महतो ने आज विधानसभा में इसकी जानकारी दी। उन्होंने सदन को भरोसा दिलाया कि नई नियुक्तियों से बिजली आपूर्ति मजबूत होने के साथ विभाग की कार्यक्षमता बढ़ेगी। इससे पहले विधायक जयराम महतो ने बिजली विभाग में कर्मचारियों की कमी का मुद्दा उठाया था.।

****

राज्यसभा में, आज बीस राज्यों के 59 सांसदों को विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में इनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजनीति में कभी पूर्ण विराम नहीं आता क्योंकि उनके अनुभव और योगदान हमेशा देश के लिए प्रासंगिक और मूल्यवान रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवानिवृत्त सदस्यों ने सदन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

****

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए वंदे भारत ट्रेनों में कई उन्नत सुरक्षा सुविधाएं प्रदान की गई हैं। आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस में चढ़ाई रोधी – एंटी–क्लाइम्बिंग सुविधाएँ शामिल की गई हैं। श्री वैष्णव ने राज्यों से रेलवे परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए सक्रिय कदम उठाने की अपील भी की।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ईद, सरहुल और रामनवमी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ कल उच्चस्तरीय बैठक करेंगे। इस बैठक में आगामी पर्व–त्योहारों के दौरान विधि और शांति व्यवस्था के लिए सभी जिलों में की जा रही तैयारियों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक को लेकर पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा व्यवस्था के सिलसिले में किए जा रहे सभी तैयारियों की पूरी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

****

परिवहन विभाग ने जमशेदपुर में राज्य का पहला इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग और रिसर्च सेंटर स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह संस्थान केंद्र सरकार, राज्य सरकार और टाटा मोटर्स की सहभागिता से खोला जाएगा. यहां वाहन चालकों को आधुनिक तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

****

धनबाद नगर निगम के नव निर्वाचित महापौर संजीव सिंह और सभी पचपन पार्षदों ने आज शपथ ली। वहीं चिरकुंडा नगर परिषद की अध्यक्ष सुनीता देवी और पार्षदों का भी शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। महापौर को उपायुक्त और नगर परिषद अध्यक्ष को उप विकास आयुक्त ने शपथ दिलाई। इस मौके पर महापौर संजीव सिंह ने अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित लतारसीका में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध शराब फैक्ट्री को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान यहां से चार हजार किलोग्राम अवैध जावा भी

बरामद किया गया। हालांकि, इस कार्रवाई के दौरान सभी आऱोपी फरार हो गए, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

<u>********************</u>